तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 सितंबर, 2025

12 यमुना का कहर : हजारों एकड़ फसल तबाह...


14 विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर शिक्षकों के प्रति अपनी श्रद्धा...





## बारिश से तबाही, गांव नगर में ड्रेन ओवरफ्लो

# दो जगहों से टूटी ड्रेन ग्रामीणों ने की बंद

**ग्रामीण मौके पर पहुंचे और एकजुट होकर बचाव कार्य शुरू कर दिया**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत/गोहाना

बारिश के बाद पानी लगातार तबाही मचा रहा है। गांव नगर में वीरवार को ड्रेन नंबर-4 ओवरफ्लो होने से बड़ी आफत आ गई थी।

तेज बहाव के चलते ड्रेन गांव के पास दो स्थानों पर टूट गई, जिससे पानी गांव में घुसने लगा। स्थिति बिगड़ती देख ग्रामीणों ने एकता और तत्परता का परिचय देते हुए तुरंत पानी रोकने का कार्य शुरू किया और मिट्टी के कट्टों से कटाव को रोक दिया।

ग्रामीण गौरव ने बताया कि सुबह गांव का एक युवक घूमने निकला तो उन्होंने ड्रेन नंबर-4 को दो जगह से टूटा देखा। इसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और एकजुट होकर बचाव कार्य शुरू कर दिया। देखते ही देखते ग्रामीणों ने कटाव रोकने के लिए मिट्टी के बोरे और अन्य साधनों से बांध बनाना शुरू किया। परिणामस्वरूप पहले एक जगह और बाद में दूसरी जगह का कटाव भी बंद कर लिया गया।

गांव की सरपंच के पति प्रवीण ने बताया कि मामले की जानकारी प्रशासन को दे दी गई थी। ग्रामीणों की कड़ी मेहनत और तुरंत की गई कार्रवाई से गांव को बड़े नुकसान से बचा लिया गया।

### बारिश व तबाही के बीच दिखी एकता की तस्वीर

बारिश और बाढ़ से जहां चारों ओर तबाही की खबरें सामने आ रही हैं। वहीं नगर गांव से एकता और सामूहिक सहयोग की मिसाल भी सामने आई है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय पर वह एकजुट होकर काम न करते तो हालात और ज्यादा बिगड़ सकते थे।










## गोहाना में बार एसोसिएशन का वर्क सस्पेंड

# पुलिस व अधिवक्ताओं के बीच खींचतान जारी

### बुधवार को भी अधिवक्ताओं का विरोध जारी रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

गोहाना में पुलिस कर्मियों और अधिवक्ताओं के बीच चल रही खींचतान थमने का नाम नहीं ले रही है। मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है, जिसके चलते सोनीपत बार एसोसिएशन ने वर्क सस्पेंड का निर्णय लिया हुआ है।

बुधवार को भी अधिवक्ताओं का विरोध जारी रहा और बार में कामकाज पूरी तरह ठप रहा। मिली जानकारी के अनुसार, यह विवाद तब और बढ़ गया जब अंबाला में बार एसोसिएशन के प्रधान पर मामला दर्ज किया गया। इसको लेकर जिलेभर के वकील आक्रोशित हो गए और उन्होंने बुधवार को वर्क सस्पेंड कर अपना विरोध दर्ज कराया। बुधवार को भी वकील अदालत में पेश नहीं हुए। वहीं बृहस्पतिवार को भी वकीलों ने वर्क संस्पेड रखा। दो दिन से लगातार बार में सुनवाई व कामकाज पूरी तरह ठप पड़ा है।

बार एसोसिएशन के प्रधान अनिल ढूल का कहना है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं और अंबाला व गोहाना में पुलिस कर्मचारियों के साथ हुए मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं होती, तब तक यह विरोध जारी रहेगा। वहीं, बार एसोसिएशन के इस निर्णय से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मुकदमों की सुनवाई न होने से वादकारी पक्ष को तारीखें पड़ रही है, जिससे न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहा है। लोगों को जरूरी कानूनी कार्यों के लिए दो-दो दिन तक चक्कर लगाने पड़ रहे है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन को जल्द हस्तक्षेप कर विवाद का समाधान कराना चाहिए, ताकि न्यायिक कार्य फिर से पटरी पर लौट सके और लोगों को राहत मिल सके। फिलहाल, दोनों पक्षों के बीच सुलह के प्रयास जारी हैं लेकिन अभी तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया है।

## पैदल गश्त से बढ़ा भरोसा : सुरक्षा का विश्वास

**सोनीपत**। सुरक्षा का अहसास केवल पुलिस की मौजूदगी से नहीं, बल्कि उसकी सक्रियता और जनसंपर्क से पैदा होता है। इसी सोच को साकार करते हुए सोनीपत पुलिस आयुक्त ममता सिंह के निर्देशन में शहर के विभिन्न इलाकों में नियमित पैदल गश्त अभियान चलाया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना, अपराधियों पर निगरानी रखना और लोगों से सीधा संवाद स्थापित करना है। इसी कड़ी में बृहस्पतिवार को थाना शहर प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों की टीम ने मिशन चौक और पुराना रोहतक रोड क्षेत्र में पैदल गश्त की। इस दौरान पुलिस ने नागरिकों से बातचीत की, उनकी समस्याएं सुनीं और सुरक्षा का भरोसा दिलाया।



सोनीपत। गश्त के दौरान मौजूद पुलिस कर्मी।




## जेबीएच विद्यालय में कराई गई निबंध चित्रकला, भाषण व वाद विवाद प्रतियोगिता

- माता-पिता हमें जीवन देते हैं जबकि जीवन को सही दिशा देने का कार्य शिक्षक करते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। खरखौदा

दिल्ली मार्ग पर स्थित जेबीएच सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अध्यापक दिवस के दृष्टिगत आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपने अध्यापकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के अमूल्य योगदान के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय में निबंध, चित्रकला, भाषण और वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल प्राचार्या सुमन दहिया ने बताया कि शिक्षक हमारे जीवन के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। माता-पिता हमें जीवन देते हैं जबकि जीवन को सही दिशा देने का कार्य शिक्षक करते हैं। वे न केवल हमें पुस्तकों का ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि अच्छे संस्कार, अनुशासन और चरित्र निर्माण की शिक्षा भी देते हैं। शिक्षक ही अपने छात्रों में सपने देखने व उन्हें पूरा करने की प्रेरणा उत्पन्न करते हैं। कहना न होगा कि एक उत्तम समाज मजबूत निर्माण का आधार अच्छे शिक्षक ही होते हैं। इसलिए भारत में प्रतिवर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन भारत के दूसरे राष्ट्रपति और पहले उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को समर्पित है। इस मौके पर कक्षा के विद्यार्थियों ने शिक्षक बनकर शिक्षकों को पढ़ाया।



खरखौदा। प्राचार्य के साथ प्रतिभागी विद्यार्थी।

**ये रहे मौजूद**

*इस मौके पर शिक्षक प्रीती दहिया, कविता पांचाल ज्योति शर्मा, कविता गर्ग, पूजा दहिया, मनजीत दहिया, मंजू दहिया, आशीष छिक्कारा, अचित्रा पंवार, लक्ष्य दहिया, आकाश आदि मौजूद रहे।*






हरिभूमि
सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 सितंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

## अच्छे-बुरे के बीच फर्क करना सिखाते शिक्षक : तराना



**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में शिक्षक दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका आयोजन स्पेशल डे सेलिब्रेशन कमेटी के तत्वाधान में डा रेखा व नीरा के द्वारा किया गया। सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा था कि पूरी दुनिया एक विद्यालय है, जहां से कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। प्राचार्या डॉ तराना नेगी ने बताया कि जीवन में शिक्षक हमें केवल पढ़ाते नहीं, अपितु वे अच्छे-बुरे के बीच फर्क करना सिखाते हैं।



### खेतों की उपजाऊ मिट्टी बह जाने से भविष्य की बुवाई पर भी संकट मंडरा रहा

# यमुना का कहर : हजारों एकड़ फसल तबाह गांवों में भरा पानी, शिविरों में हो रहा इलाज

### बाढ़ के चलते प्रभावित गांवों में हालात सामान्य होने में अभी लगेगा समय

**प्रशासन के अनुमान के अनुसार जिले में अब तक 10 हजार एकड़ खेतों की फसल बर्बाद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हथिनी कुंड बैराज से लगातार छोड़े जा रहे पानी और रुक-रुककर हो रही बारिश ने यमुना नदी का जलस्तर बढ़ा दिया है। नतीजतन सोनीपत जिले के यमुना खादर क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। तेज बहाव के कारण हजारों एकड़ फसलें बर्बाद हो चुकी हैं और कई गांवों में लोगों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। बुधवार के बाद वीरवार को भी यमुना का जलस्तर घटने की प्रक्रिया जारी रही, लेकिन खतरा अभी भी टला नहीं है। बाढ़ के चलते प्रभावित गांवों में हालात सामान्य होने में अभी समय लग सकता है। ग्रामीणों की आजीविका पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है और प्रशासन राहत एवं बचाव कार्यों में जुटा हुआ है।

प्रशासन के अनुमान के अनुसार जिले में अब तक लगभग 10 हजार एकड़ खेतों की फसल बर्बाद या बुरी तरह प्रभावित हुई है। विशेष रूप से सब्जियों की फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। खेतों की उपजाऊ मिट्टी के बह जाने से भविष्य की बुवाई पर भी संकट मंडरा रहा है।गांवों में पानी, लोग परेशानः यमुना का पानी बेगा, रसूलपुर, ग्यासपुर, चंदौली, पबनेरा, मनौली टोंकी और झाजल टोंकी सहित कई गांवों में घरों और खेतों तक पहुंच गया है। मनौली टोंकी गांव की स्थिति सबसे गंभीर है। यहां प्रशासन की ओर से कैंप और टेंट लगाए जाने के बावजूद ग्रामीण अपने पानी से भरे मकानों को छोड़ने को तैयार नहीं हैं। ग्रामीणों का कहना है कि घरों को छोड़ने पर उनका सामान चोरी होने का डर है।





**सोनीपत।** जगदीशपुर गांव में पहुंचा यमुना का पानी व बाढ़ पीड़ितों को भोजन देते।



#### समाजसेवियों की मदद, प्रशासन पर सवाल

इस संकट की घड़ी में सामाजिक संगठन भी आगे आए हैं। करनी सेना की युवा टीम बाढ़ पीड़ितों को खाना और जरूरी सामान उपलब्ध करा रही है। समाजसेवी दीपक चौहान ने बताया कि उनकी मांग पर प्रशासन ने स्वास्थ्य कैंप और टेंट की व्यवस्था करवाई है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे मकानों को छोड़कर सुरक्षित कैंप में शरण लें, ताकि किसी हादसे को टाला जा सके। चेतावनी दी गई है कि अगर जर्जर मकानों के गिरने से कोई जानमाल का नुकसान हुआ, तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर गौसेवक सिद्धार्थ राजपूत, नंदकिशोर वर्मा, डॉक्टर रविन्द्र, राहुल चौहान और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय


बाढ़ प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार डेरा जमाए हुए हैं। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए मेडिकल कैंप लगाए गए हैं। अब तक 156 ग्रामीणों का उपचार किया गया है, जिनमें बुखार, त्वचा रोग और आंखों के संक्रमण के मामले सामने आए हैं। टीम ने ग्रामीणों को ओआरएस, मच्छरदानी और दवाइयां वितरित की हैं। साथ ही डेंगू, मलेरिया, जापानी बुखार, टायफाइड, हैजा और डायरिया जैसी बीमारियों से बचने के लिए लोगों को पानी में न जाने और साफ-सफाई बनाए रखने की सलाह दी गई है।

# इनेलो खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुनील का भव्य स्वागत

- इनेलो युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए कटिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सनपेड़ा गांव के युवा समाजसेवी सुनील ढाका को इनेलो (इंडियन नेशनल लोकदल) खेल प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर युवाओं में खुशी की लहर है। इनेलो के हल्का अध्यक्ष बिजेन्द्र शेखपुरा, महिला जिलाध्यक्ष मंजीत फोगाट और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। हलकाध्यक्ष बिजेन्द्र शेखपुरा ने कहा कि पार्टी द्वारा सुनील ढाका को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपना यह दर्शाता है कि इनेलो युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए कटिबद्ध है। सुनील ढाका को यह जिम्मेदारी मिलने से जिले में खेलों को नई दिशा मिलेगी और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का बेहतर मंच मिलेगा। नव नियुक्त खेल प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सुनील ढाका ने कहा कि इनेलो सदैव किसानों, मजदूरों, युवाओं और खिलाड़ियों के हितों की लड़ाई लड़ती रही है। पार्टी की नीतियों का उद्देश्य हर वर्ग का समान विकास करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इनेलो की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं और संगठन को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें।



**गन्नौर।** हलकाध्यक्ष बिजेन्द्र शेखपुरा खेल प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष सुनील ढाका का स्वागत करते। *फोटो :हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

सुनील ढाका ने सम्मान और जिम्मेदारी के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। इस मौके पर युवाध्यक्ष अमन आहुलाना, भूपेन्द्र राठी राजपुर, हरिओम राठी, सते मलिक, विक्रम ढांगी, संदीप खासा आदि मौजूद थे।

## जिले से कई लोग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

- पुलिस ने सभी मामलों में मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू की
- नांदनौर से 21 वर्षीय युवक लापता

सोनीपत। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से बीते 24 घंटों के दौरान कई लोग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। परिजनों ने पुलिस को शिकायत देकर अपहरण और बंधक बनाने की आशंका जताई है। पुलिस ने सभी मामलों में मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुंडली थाना क्षेत्रः कुंडली थाना क्षेत्र से 12 वर्षीय किशोर और 18 वर्षीय युवती अचानक लापता हो गए। परिजनों ने अज्ञात व्यक्तियों पर दोनों को बंधक बनाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। वहीं प्याऊ मनियारी क्षेत्र से 35 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुरथल थाना क्षेत्रः मुरथल थाना के गांव नांदनौर से 21 वर्षीय युवक लापता हो गया। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर युवक की तलाश में टीमें भेज दी हैं। सुजान सिंह पार्क क्षेत्र से एक महिला अपने 3 वर्षीय बेटे के साथ अचानक लापता हो गई।

# कोई भी समस्या लंबित न रहे: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने गुरुवार को उपमंडलीय परिसर स्थित अपने कार्यालय में समाधान शिविर लगाया। शिविर में एसडीएम ने भाजपा गोहाना जिला के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक के साथ लोगों की शिकायतें सुनी। अंजलि श्रोत्रिय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में जो भी व्यक्ति शिकायत लेकर पहुंची समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए। किसी भी समस्या को लंबित न रखा जाए। अगर कोई भी अधिकारी इस मामले में कोताही बरतेगा उसके साथ सख्ती से निपटा जाएगा। एसडीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा अंत्योदय अर्थात समाज में सबसे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान की नीति के तहत काम किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। समाज के विकास के लिए हर अधिकारी को इसी भावना के साथ काम करना चाहिए।



लोगों की समस्याएं सुनते एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय, साथ में हैं जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक।



**राई।** भैरा- बाकीपुर सरपंच जयराम शर्मा ग्रामीणों के साथ ठीकरी पहरा देते हुए।

#### पंचायत दे रही रात को ठीकरी पहरा

राई। यमुना में जाते वाला हैड से पानी छोड़े जाने के बाद ग्राम पंचायत भैरा-बाकीपुर सरपंच जयराम शर्मा के नेतृत्व में रात को यमुना पर ठीकरी पहरा देकर आसपास के गांवों की रक्षा कर रही है। रात के समय सरपंच के साथ ग्रामीण यमुना के तटबंध पर घुमते हुए नजर टिकाए हुए है कि तटबंध को पूरी तरह से टूटने से बचाना है। सरपंच जयराम शर्मा ने बताया कि खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह जलमग्न हो चुकी हैं, पशुओं के लिए चारे की भारी कमी हो गई है। विकट परिस्थिति में गांववासियों ने धैर्य और संयम से परिस्थितियों का सामना कर रहा है। ग्राम पंचायत ने कहा कि इस आपदा की घड़ी में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विधायक कृष्णा गहलावत, विभिन्न नेताओं, जनप्रतिनिधियों, सरपंच भाइयों तथा सामाजिक संगठनों ने फोन और व्यक्तिगत रूप से पहुंचकर संवेदनाएं व्यक्त की हैं। ग्रामवासियों का मनोबल बढ़ाने के लिए हर ओर से मदद और आश्वासन मिल रहा है।

## शिक्षा के मंदिर से सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव बैयापुर स्थित सरकारी स्कूल में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। बीती रात अज्ञात चोरों ने स्कूल में घुसकर महत्वपूर्ण रिकॉर्ड और अन्य सामान चोरी कर लिया। सुबह जब स्कूल का स्टाफ स्कूल पहुंचा तो घटना का पता चला। इसके बाद स्कूल प्रबंधन ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। स्कूल के प्रिंसिपल ने पुलिस को बयान देते हुए बताया कि चोरों ने कार्यालय का ताला तोड़कर अंदर रखा महत्वपूर्ण दस्तावेज, रजिस्टर और कुछ अन्य सामान अपने साथ ले गए हैं। प्रिंसिपल की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए सदर थाना पुलिस की टीम ने मौके का मुआयना किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

# निगम अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य के आदेश

### विधायक ने वार्ड नंबर 2 में कोट मोहल्ला का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


विधायक निखिल मदान वीरवार को वार्ड नंबर 2 के कोट मोहल्ला क्षेत्र में टीले पर पहुंचे, जहां उन्होंने भारी बरसात के कारण गिरे मकानों का निरीक्षण किया, निगम अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य के निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ निगम आयुक्त हर्षित कुमार, निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर और निगम के कनिष्ठ अभियंता राहुल दहिया सहित क्षेत्र के सभी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। विधायक निखिल मदान ने बताया कि सोनीपत के बस स्टैंड के नजदीक कोट मोहल्ला के टीले पर आबादी काफी वर्षों से बसी हुई है। यहां ऊपर काफी पुराने मकान बने हुए हैं। सोनीपत में पिछले कई दिनों से चल रही भारी बरसात के कारण टीले पर बने मकानों के आसपास की मिट्टी सरकने से कई मकान गिर गए हैं। हालांकि उन मकानों को एहतियाती तौर पर पहले ही खाली करवा लिया गया था, इसलिए जान माल की कोई हानि नहीं हुई है। लेकिन कई मकानों का मलबा रिहायशी घरों पर गिरने से उन्हें भारी नुकसान पहुंचा है। आज इस स्थिति को उन्होंने मौके पर जाकर देखा है और सभी पीड़ित परिवारों को निजी कोष से 20-20 हजार रुपए की मदद की है। इसके साथ ही आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों द्वारा घटना स्थल का दौरा किया जाएगा।



**सोनीपत।** कोट मोहल्ला क्षेत्र में पहुंचें विधायक एवं निगमायुक्त। *फोटो :हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने बताया कि टीले पर जहां-जहां से मिट्टी सरकी है वहां पर अस्थाई तौर पर मलबा हटाने का काम शुरू किया गया है। इस मौके पर निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, नकीन मेहरा, सुरेंद्र कुमार, सुरेश नैय्यर, अभिषेक, बलराज बामनिया, पूर्व एससी जिला अध्यक्ष हुकुम चंद मेहरा, जय भगवान, कृष्ण, अनिल, सैंडी मेहरा, जोगिंदर मेहरा, राहुल बामनिया, सुरेश मेहरा, प्रदीप, विक्की आदि लोग मौजूद रहे।



हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 सितंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

14 स्वास्थ्य जांच शिविर में 138 व्यक्तियों को आंखें जांची



14 विवि व एचकेसीएल के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित



### युवाओं को मिलेगा मुफ्त इलाज, शहर में दस कॉलोनियां बनी हॉटस्पॉट

# नशा मुक्ति के लिए एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी सेंटर किया जाएगा शुरू

**नागरिक अस्पताल में दस बेड की आधुनिक सुविधाओं के साथ होगी केंद्र की स्थापना**



हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

क्षेत्र में नशे की लत से हर साल सैकड़ों परिवार टूट रहे हैं। कोई मादक पदार्थ गांजा, तो कोई स्मैक और इंजेक्शन के जरिए नशा कर रहा है। शहर की 10 कॉलोनियां नशे के हॉटस्पॉट बन चुकी हैं, जहां युवाओं में नशे का स्तर बेहद खतरनाक हो गया है। ऐसे में अब नशे के शिकार लोगों को राहत देने के लिए नागरिक अस्पताल में एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी (एटीएफ) सेंटर तैयार किया जायेगा। यह सेंटर एम्स से टाई-अप के तहत स्थापित किया जा रहा है। जिसका कार्य सितंबर माह में शुरू होने की उम्मीद है। सेंटर बनने के बाद आसपास के क्षेत्र में नशे की लत छोड़ने वालों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। बता दें कि नागरिक अस्पताल में स्थापित होने वाले इस सेंटर में हर प्रकार के नशे के आदी मरीजों का इलाज किया जाएगा। दस बेड की आधुनिक सुविधा के साथ यह केंद्र पूरी तरह निशुल्क इलाज उपलब्ध कराएगा। अब तक नशे के मरीजों को इलाज के लिए दिल्ली, यूपी या अन्य राज्यों में जाना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा यहीं पर उपलब्ध होगी। यहां ओपीडी और एडमिशन दोनों सुविधाएं मिलेंगी। सेंटर में मरीजों को दवाएं, बेड की सुविधा, काउंसलिंग और मोटिवेशनल इंटरव्यूइंग पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। काउंसलिंग के दौरान मरीजों को नशे की तलब को नियंत्रित करने की तकनीक सिखाई जाएगी।

### सेंटर के लिए स्टाफ नियुक्त और ट्रेनिंग करवाई

सेंटर में डॉ. संदीप शर्मा को नोडल अधिकारी और डॉ. आशीष राठी को दूसरे चिकित्सक के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके अलावा एक काउंसलर, स्टाफ नर्स और डाटा एंट्री ऑपरेटर की तैनाती की गई है। डॉक्टरों की ट्रेनिंग नेशनल ड्रग्स डिपेंडेंट ट्रीटमेंट सेंटर, गाजियाबाद में कराई गई है। यह सेंटर डा. योगेश गोयल (जिला मेंटल हेल्थ प्रोग्राम प्रमुख) के मार्गदर्शन में संचालित होगा।

### अलग-अलग कॉलोनी में नशे के बढ़ रहे हॉटस्पॉट

शहर के दिल्ली कैंप, जनता कॉलोनी, आदर्श नगर, ईदगाह कॉलोनी, कालुपूर, राजेंद्र नगर, नंदनवानी नगर, कबीरपुर, सुंदर संवारी कॉलोनी और सेक्टर-14 की पुरानी मार्केट नशे के बड़े अड्डे बन चुके हैं। यहां सबसे ज्यादा युवा इंजेक्शन के जरिए नशा करते हैं। वर्तमान में 806 युवा इस लत से जूझ रहे है। सेंटर शुरू होने से नशे की लत के शिकार युवाओं और उनके परिवारों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

### सेंटर में हर प्रकार के नशे को छुड़वाने की सुविधा उपलब्ध होगी




नागरिक अस्पताल में एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी (एटीएफ) सेंटर तैयार किया जायेगा। जिसमें दस बेड की सुविधा होगी। सेंटर में लगभग हर प्रकार के नशे को छुड़वाने की सुविधा उपलब्ध करवाई जायेगी। प्रदेश सरकार व विभाग की तरफ से युवाओं के भविष्य को बेहत्तर बनाने व उन्हें नशे की लत्त छुड़वाने को लेकर सेंटर स्थापित करने के निर्देश मिले है। स्टाफ की तैनात व ट्रेनिंग करवाई जा चुकी है।
-डा. संदीप लठवाल, मीडिया नोडल अधिकारी।

## बार एसो. के सदस्यों के विरुद्ध झूठी एफआईआर दर्ज करने पर वकीलों ने रखा वर्क सस्पेंड

**गन्नौर।** बार एसोसिएशन की बैठक बार एसोसिएशन प्रधान गौरव त्यागी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें एसोसिएशन के प्रधान गौरव त्यागी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बार एसोसिएशन गोहरा के सदस्यों के विरुद्ध झूठी एफआईआर दर्ज किए जाने के कारण वकीलों का कार्य वीरवार को स्थगित रहा। सभी वकील मुद्दे के समर्थन में बार एसोसिएशन गन्नौर सामूहिक विरोध स्वरूप पूरे दिन कोई कार्य नही करते हुए वर्क सस्पेंड रखा। कोई भी वकील अदालत में केस की पैरवी के लिए नही गया।


## सोनीपत में डेंगू के चार नए मरीज, कुल आंकड़ा 33 तक पहुंचा

**सोनीपत।** जिले में डेंगू के चार नए मामले सामने आए हैं, जिससे मरीजों की कुल संख्या बढ़कर 33 हो गई है। इसके अलावा जिले में अब तक मलेरिया के 11 और चिकनगुनिया का 1 मरीज सामने आ चुका है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल सभी मरीजों की स्थिति स्थिर है। सितंबर माह में बारिश के कारण डेंगू फैलने का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए विभाग ने 166 टीमों को सक्रिय कर घर-घर डेंगू लार्वा की जांच और लोगों को जागरूक करने का काम शुरू कर दिया है। सिविल सर्जन डॉ. ज्योत्सना ने बताया कि जिले में डेंगू वार्ड स्थापित किया गया है और चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही नागरिक अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में डेंगू की मुफ्त जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि घर के आसपास पानी जमा न होने दें और डेंगू से बचाव के लिए पूरी सावधानी बरतें।







## साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस सहित जिलेभर के स्कूलों में धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

# विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर शिक्षकों के प्रति अपनी श्रद्धा की व्यक्त

**चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने सभी को दिवस की बधाई दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ की गई। पूरे परिसर को रंग-बिरंगे फूलों और सजावट से सजाया गया था, जिससे माहौल उत्सवमय बन गया। कॉलेज के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर शिक्षकों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने सभी को बधाई दी। चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के लिए विभिन्न रोचक और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बीबीए प्रथम वर्ष की कुमारी नेहा, बीबीए प्रथम वर्ष की खुशी, बी.टेक (सीएसई) पांचवें सेमेस्टर के आदित्य और एमसीए तीसरे सेमेस्टर की स्वीटी ने अपने अध्यापकों के लिए कुछ एक्टिविटी, फन गेम्स प्रस्तुत किए। इसके साथ-साथ उन्होंने अपने गुरुजनों के लिए आभार व्यक्त करते हुए कुछ कविताएं भी सुनाई। इस शुभ अवसर पर विद्यार्थियों ने अध्यापकों के लिए कुछ खट्टे-मीठे शीर्षक भी दिए।



सोनीपत। साउथ पॉइंट में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षकगण।

### शिक्षक ही समाज की असली धरोहर : चेयरमेन

विद्यार्थियों ने मजेदार खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने शिक्षकों को आनंदित कर दिया। विद्यार्थियों ने इस दिन को यादगार बनाया। चेयरमैन ने कहा कि शिक्षक ही समाज की असली धरोहर हैं, जो नई पीढ़ी को दिशा और प्रेरणा देते हैं। उनके मार्गदर्शन के बिना किसी भी राष्ट्र की प्रगति संभव नहीं है। इस मौके पर एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री, सीईओ भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने शिक्षकों के योगदान की सराहना की। अंत में कॉलेज प्रबंधन ने सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए उनके अथक प्रयासों और योगदान की सराहना की।

## प्रताप स्कूल की पलक व विधि ने सीनियर नेटबॉल में जीता गोल्ड



खरखौदा। खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए स्कूल प्रबंधन व अभिभावक

**खरखौदा।** पलवल में आयोजित सीनियर नेशनल नैटबाल चैम्पियनशिप में प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरखौदा की छात्राएँ विधि और पलक ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश, जिले और विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रांगण में पहुँचने पर दोनों खिलाड़ियों का द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, डॉ. दीपिका दहिया, विधि की माता संजीता, सोमबीर आर्य और कोच संसार दहिया ने स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान वेदप्रकाश पहलवान और संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार ने भी विशेष बधाई दी। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच संसार दहिया, विद्यालय परिवार, अभिभावकों और साथियों को दिया।




राई। रेणु विद्या मन्दिर के छात्र सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए।

### रेणु विद्या मंदिर में बच्चों ने प्रस्तुतियों से मोहा मन

**राई।** रेणु विद्या मंदिर में शिक्षक दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों, दिव्यांग विद्यार्थियों एवं समावेशी शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों ने मिलकर कार्यक्रम का कार्यक्रम किया। शुरुआत शिक्षकों के स्वागत एवं सम्मान से हुई। विद्यार्थियों एवं शिक्षको ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें नृत्य, खेल प्रतियोगिताएँ एवं कविता-पाठ मुख्य आकर्षण रहे। बच्चों एवं शिक्षको की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और वातावरण को उत्सवमय बना दिया।संस्थान के सह प्राध्यापक डॉ. रत्नेश सिंह ने सभी का अभिनंदन करते हुए कहा कि शिक्षक ही समाज के निर्माता हैं और उनके मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होते हैं। अध्यापिका कविता ने अपनी भावपूर्ण कविता के माध्यम से सभी शिक्षक दिवस के बारे में बताया। संस्थान की प्रेरणा रेणु गुप्ता ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों, दिव्यांग एवं समावेशी शिक्षा से जुड़े बच्चों द्वारा मिलकर कार्यक्रम अत्यंत सफल और प्रेरणादायी रहा।

### शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में किया जाएगा अध्यापकों का सम्मान : हरीश वधवा

**गन्नौर।** लायंस क्लब गन्नौर गौरव द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान उत्सव का आयोजन हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डा. मीनू अग्रवाल, प्राचार्या जीवीएम बीएड कॉलेज शिरकत करेगी। क्लब के पदाधिकारी हरीश वधवा ने जानकारी दी। विशेष अतिथि के रूप में लायन विनय गर्ग (मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन 2017-18),अतुल कुमार खट्टर (प्राचार्य, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गढ़ी ब्राह्मण, सोनीपत) और डा. निहारिका (राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष, जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत) विशिष्ठ अतिथि शिरकत करेगी। अध्यक्षता लायंस क्लब गन्नौर गौरव की अध्यक्षा भावना नीरज जख्या करेगी। सचिव विक्रांत हांडा, कोषाध्यक्ष साशा वेदी, मुख्य परियोजना अध्यक्ष तरुण सूद और परियोजना अध्यक्ष चिराग मदान अतिथियों का सम्मान करेंगे।

## स्वास्थ्य जांच शिविर में 138 व्यक्तियों की आंखें जांची

**12 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए दिल्ली भेजा**

- सेवक पंकज गुप्ता ने रोगों से बचाव की जानकारी दी
- ऑपरेशन, रहन-सहन और भोजन की संपूर्ण व्यवस्था नि:शुल्क की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

सेवा, समर्पण और मानवता की मिसाल कायम करते हुए ठाकुर जी की रसोई व युवा शक्ति क्लब के संयुक्त सौजन्य से लाला जय नारायण धर्मशाला, खरखौदा में एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। वेणु आई हॉस्पिटल, दिल्ली की विशेषज्ञ टीम द्वारा कुल 138 मरीजों की जांच की गई। इनमें से 12 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु दिल्ली भेजा गया। ऑपरेशन, रहन-सहन और भोजन की संपूर्ण व्यवस्था पूरी तरह नि:शुल्क की गई। न्यूरोथैरेपी विशेषज्ञ राजू कोच द्वारा 30 मरीजों का उपचार किया गया, जिससे उन्हें दर्द और अन्य समस्याओं से राहत मिली। सेवक पंकज गुप्ता ने जानकारी दी।

**ये रहे मौजूद**

शिविर में धर्मपाल गर्ग, पवन सिंगला, अमित सिंगला, नीरज गुप्ता, पंकज गुप्ता, पुष्पेश गर्ग, हंसराज अरोड़ा, अमीचंद फौजी, बिजेंद्र जांगड़ा, धर्मेंद्र हलवाई, पीयूष गुप्ता सहित अनेक गणमान्य शामिल रहे।



खरखौदा। आंखों की जांच करते हुए नेत्र चिकित्सक।

## विवि व एचकेसीएल के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित

**विवि शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध : प्रो. सुदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां और हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड (एचकेसीएल) के बीच समझौता ज्ञापन गुरुवार हस्ताक्षरित किया गया। छात्राओं को आईटी और कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से महिला विवि के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) शिवालिक यादव और हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ अभिजीत कुलकर्णी ने विवि की कुलपति प्रो. सुदेश की अध्यक्षता में हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. सुदेश ने बताया कि महिला विवि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत छात्राओं को आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस साझेदारी के माध्यम से छात्राएं अब कौशल विकास के लिए एचकेसीएल द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न आईटी और स्किल कोर्स विवि में रहकर ही कर सकेंगी। एचकेसीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ अभिजीत कुलकर्णी ने कहा कि आईटी और कौशल विकास में प्रशिक्षण प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है।



गोहाना। समझौता ज्ञापन के साथ महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश, कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव व एचकेसीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ अभिजीत कुलकर्णी।

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर प्रो. विजय नेहरा, प्रो. संकेत विज, प्रो. रवि भूषण, डॉ. संदीप दहिया, डॉ. सोनल बेनीवाल, एचकेसीएल से प्रोग्राम मैनेजर आशीष कुमार और सुनील कुमार सहित बिजनेस एनालिस्ट विकास बिश्नोई उपस्थित रहे।*









S-7

# Saraswati Shiksha Sansthan
## Sr. Sec. School, Sonepat

Affiliated to CBSE, New Delhi

आप सभी को

# शिक्षक दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं



OUR INSTITUTIONS

1. Saraswati Shiksha Sansthan Sr. Sec. School, Murthal Road, Sonipat
2. Saraswati Shiksha Sansthan School, Khanna Colony, Sonipat
3. Shiksha Bharti College of Education - B.Ed., Mohana, Sonipat
4. Sanskrit Shiksha Bharti College, Khanna Colony, Sonipat

Murthal Road, Near ASR CNG Pump, Sonepat 8222960965, 9255521868

